सार-समाचार

## लघु उद्योग भारती शाखा झुंझुनूं की बैठक हुई

**झुंझुनं**, (निसं)। लघु उद्योग भारती शाखा झुंझुनूं की सभा का आयोजन केडिया हैंडीक्राफ्ट रीको झुंझुनूं में मंगलवार को आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष रोहिताश्व बंसल ने की एवं स्वागत उद्बोधन दिया। सचिव सुरेन्द्र केडिया ने गतिविधियों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष संजय टीबड़ा ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। सभा में सभी उद्यिमयों ने उद्योग धंधों में आने वाली कठिनाइयों के बारे में आपसी चर्चा कर विचार विमर्श किया एवं स्थानीय रिको, उद्योग विभाग, जिला प्रशासन, बिजली विभाग एवं राज्य सरकार स्तर पर कठिनाइयों के बारे में लिखा जाना तय किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2023-25 की कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसलिए वर्ष 2025- 27 की नई कार्यकारिणी का दायित्व जिन्हें दिया जाए। इसके लिए नाम शीर्ष नेतृत्व को भेजे जाने पर विज्ञान विमर्श कर सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी के लिए। नाम शीर्ष नेतृत्व को भेजे जाना तय किया गया। लघु उद्योग भारती शाखा झुंझुनूं अध्यक्ष रोहिताश्व बंसल, सचिव सुरेंद्र केडिया, कोषाध्यक्ष संजय टीबड़ा, कृष्ण कुमार रिंगसिया, अशोक केडिया, श्रवण कुमार गोयनका, महेश कुमार, अनिल कुमार जैन, पवन कुमार शर्मा, सुशील कुमार, प्रदीप कुमावत, नेमी अग्रवाल, डॉ. डीएन तुलस्यान, नवल अग्रवाल, पवन सिंगल, मुकेश गुप्ता, सुरेंद्र केजड़ीवाल, अनिल गुप्ता, विपिन राणासरिया सहित अन्यजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

## जय पब्लिक स्कूल में सफलता का परचम बरकरार

**झुंझुनूं**, (निसं)। जीत नगर बसंत विहार स्थित जय पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं विज्ञान वर्ग व कक्षा दस के विद्यार्थियों ने विगत 16 वर्षों की भांति अपनी श्रेष्ठता को कायम रखते हुए व अभिभावकों की उम्मीदों को परवान चढाते हुए गत वर्ष की भांति फिर से विज्ञान वर्ग व कक्षा दस में विद्यालय ने 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। झुंझुनूं शहर में शानदार परिणाम देने पर स्कूल के चेयरमैन उमेश कुमार कस्वां व वाइस चेयरमैन अंजू कस्वां व एकेडमिक डायरेक्टर कैलाशचंद्र भालोठिया ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-2025 में विद्यालय से कक्षा 12 में श्रेया चौधरी ने 96 प्रतिशत व सौम्या ने 94.6 प्रतिशत, मनस्वी ने 91.6 प्रतिशत व 23 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा दस में 44 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें प्रियमवदा सिंह ने 97.2 प्रतिशत व स्नेहा कस्वां ने 96 प्रतिशत, मिशा ने 90.4 प्रतिशत व 24 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रदीपसिंह, सुशील कुमार, लक्ष्मणसिंह राघव, ज्ञानेंद्र कुमार, सुशीला सीगड़ व सुरेंद्रसिंह पूनियां ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आयुष ने 10 मीटर ओपन एयर पिस्टल श्रेणी में द्वितीय स्थान हासिल किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। बौद्धिक दिव्यांग व मूक बधिर बच्चों के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्था आशा का झरना के मूक बधिर छात्र आयुष ने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 10 मीटर ओपन एयर पिस्टल श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान पर रहते हुए रजत पदक प्राप्त किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग झुंझुनूं उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां, कृष्णकांत यादव, संस्थान समन्वयक विनोद सैनी व पंकज विश्वकर्मा ने आयुष को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। आशा का झरना द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में प्रकाशित जागरूकता सामग्री दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 तथा 21 तरह की दिव्यांगता के लक्षण व पहचान-इन दोनों पुस्तिकाओं का विमोचन भी उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां व दिव्यांग बच्चों द्वारा किया गया। विभाग द्वारा आशा का झरना की ओर से किए जा रहे विशेष शिक्षा व पुनर्वास प्रयासों की प्रशंसा की गई। साथ ही झुंझुनूं क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बौद्धिक दिव्यांग या मूक बधिर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण विशेष शिक्षा व प्रशिक्षण दिलाने के लिए खेमी शक्ति मंदिर स्थित विभाग द्वारा अनुदानित आशा का झरना विशेष विधालय में प्रवेश दिलवाएं।

## सोनल का बास्केटबॉल खेल स्पर्धा में चयन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। समीपवर्ती नारायण का बास गांव की लाडली का अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय बास्केटबॉल खेल स्पर्धा में चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी जर्मनी में 16 से 27 जुलाई तक होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बास्केटबॉल खेलेंगी। यह जानकारी देते हुए शिक्षक नेता सुभाष महला ने बताया कि नारायण का बास निवासी गंगाधर महला की सुपुत्री सोनल महला वर्तमान में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर मध्यप्रदेश में एमपीएड कर रही है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के लिए 29 व 30 मार्च को एमजी यूनिवर्सिटी कोची हैदराबाद में चयन ट्रायल हुई थी। ट्रायल में देशभर की 8 हजार महिला खिलाडियों ने भाग लिया था। चयनित महिला खिलाडियों के वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेने की घोषणा 12 मई को गई ।उन्होंने बताया कि कड़े मुकाबले में सोनल उत्कृष्ट प्रदर्शन, तकनीकी दक्षता व अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल करने में सफल रही। बास्केटबॉल खिलाड़ी सोनल के अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होने पर खेल संघों, खिलाड़ियों, पारिवारिक सदस्यों, रिश्तेदारों व ग्रामवासियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## टॉपर्स का सम्मान किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल के सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में होनहार एवं सर्वोच्य अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में कौशल पुत्र राकेश कुमार ने 94 प्रतिशत अंक एवं रिचा पुत्री विजय कुलहरि ने 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रागंण में संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया ने होनहारों का तिलकार्चन, माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने बधाई दी एवं भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देकर अपना, अपने परिवार व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्राचार्या निधि सिहाग ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अभिभावक विजय कुलहरि, राकेश कुमार एवं सहायक अभियंता ज्योति ढूकिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. शिखा सहाय सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## पैसों से भरा पर्स मिला, पुलिस को सौंपा

**सादुलपुर**, (निसं)। सड़क पर पैसों से भरे एक महिला पर्स को भाजपा युवा कार्यकर्ता नथूराम प्रजापत ने थाना अधिकारी को सोप कर ईमानदारी का संदेश दिया है। इस सम्बन्ध में नथूराम प्रजापत निवासी घणाऊ ने बताया कि मंगलवार दोपहर को मिनी सचिवालय सड़क पर स्थित एसबीआई बैंक के सामने एक महिला पर्स पड़ा हुआ था सम्भवत बाइक पर सवार किसी महिला का पर्स गिर गया हो उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों ने उनको जानकारी दी। जिस पर पर्स को खोलकर देखा तो पर्स में नगद रुपए थे कुछ कागजात थे। फर्श को संभाल कर थाना अधिकारी को सोपा गया है। थाना अधिकारी ने प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे नेक कार्य से ईमानदारी का संदेश जाने के साथ-साथ मदद का भी संदेश मिलता है। तथा जांच कर पर्स को शीघ्र ही वास्तविक मालिक तक पहुंचाने की कार्रवाई करेंगे।

## पेंशन योजनाओं के वार्षिक भौतिक सत्यापन की अवधि 31 मई तक बढ़ाई

**सीकर**, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने वर्ष 2025 के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों की वार्षिक भौतिक सत्यापन की अवधि को बढ़ाकर 31 मई कर दिया है। उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग प्रियंका पारीक ने बताया कि योजना के तहत आने वाले लाभार्थियों की मांग और सुविधा के लिए विभाग ने सत्यापन की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई 2025 कर दी है। उन्होंने कहा लाभार्थी अविलंब अपना सत्यापन करवाएं ताकि पेंशन में कोई व्यवधान ना हो।

## रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आज

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा 14 मई 2025 (बुधवार) को पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत हरदास का बास में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई करेंगे। रात्रि चौपाल प्रभारी श्रीमाधोपुर उपखण्ड अधिकारी होंगे तथा तहसीलदार सहायक प्रभारी होंगे।

# राज्य व जिला स्तरीय अनुसंधान पुस्तकों व मरूदीप पुस्तिका का विमोचन किया

**चूरू** (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को डीएजी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डाइट चूरू की वार्षिक पत्रिका मरुद्वीप व राज्य एवं जिला स्तरीय क्रियात्मक एवं वैयक्तिक अध्ययन, शोध सारांश अनुसंधान पुस्तक का विमोचन किया गया।



डाइट चूरू की वार्षिक पत्रिका मरुद्वीप व राज्य एवं जिला स्तरीय क्रियात्मक एवं वैयक्तिक अध्ययन, शोध सारांश अनुसंधान पुस्तक का विमोचन किया गया।

■ डाइट सभागार में सीडीईओ गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई

आईएफआईसी की प्रभागाध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी शेखावत ने मरुद्वीप पत्रिका का संक्षिप्त परिचय देते हुए राज्य एवं जिला स्तरीय अनुसंधान विषय पर शोध सार प्रस्तुत किया। बैठक में जिले की शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में सीडीईओ राठौड़ ने बताया कि चूरू जिले में इस सत्र से स्कूल हैल्थ एण्ड वैलनेस कार्यक्रम संचालित किया जाना है, जिसके संबंध में डाइट उप प्रधानाचार्य नरेन्द्र उपाध्याय ने कार्य्रक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये जिले के 1079 उच्च प्राथमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यालय में 2-2 अध्यापकों को स्वास्थ्य एम्बेसडर चुना जायेगा, जो प्रत्येक मंगलवार को विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करेगा।

सीएमडीई प्रभागाध्यक्ष कुसुम शेखावत ने डीएजी की बैठक का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया, जिस पर बिंदुवार चर्चा कर प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. शिक्षा संतोष महर्षि ने नामांकन अभियान व शिक्षा विभाग की लाभकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्दसिंह राठौड़ ने वर्षा ऋतु में अधिकाधिक वृक्षारोपण व नामांकन शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, थ्रीआर व नक्षत्र वाटिका विद्यालयों में विकसित करने व सत्रांत में प्रत्येक विद्यार्थी को पुस्तकालय की दो पुस्तकें आवंटित करने के निर्देश दिये गये।

इस दौरान समस्त ब्लॉकों के सीबीईओ ओमदत्त सारण, सुमन जाखड, अशोक पारीक, संदीप व्यास, सुनिता पुनियां, बेधड़क बड़सरा ने अपने ब्लॉक की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में उमा सारस्वत, ओमप्रकाश बारूपाल, गिरिश स्वामी, प्रसन्ना मीणा, सरिता कुमारी, भीष्म प्रकाश सारण, ओमप्रकाश कस्वां, जगवीर पूनियां, धर्मवीर बिस्सल, तारालक्ष्मी, जगदीश प्रसाद प्रजापत व विजेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

## शिविर में 29 मरीजों की जांच हुई

**झुंझुनूं**, (निसं)। ढूकिया हॉस्पिटल में गुर्दा एवं मूत्र विभाग में पीएसए निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें यूरोलॉजिस्ट डॉ. विजय ओला ने मरीजों को परामर्श दिया व पीएसए जांच करवाई गई व उपचार किया गया। डॉ. विजय ओला ने बताया कि बार-बार पेशाब आना खासकर रात में, एक बार में पूरी पेशाब न होना, पेशाब करने के बाद कपड़े गीले होना, पेशाब को रोक न पाना और जल्द पेशाब करने की इच्छा होना, पेशाब शुरू करने में समय लगना, पेशाब की कमजोर धार या बूंद बूंद पेशाब होना आदि समस्या हो तो तुरंत यूरोलॉजिस्ट से परामर्श लेना चाहिए। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया मरीजो को गुर्दा एवं मूत्र रोग संबंधित समस्या होने पर डॉ. विजय ओला यूरोलॉजिस्ट से परामर्श ले सकते है। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे न्यूरो एवं स्पाइन रोग, गुर्दा व मूत्र रोग रोग, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लाट व हड्डी जोड़ सर्जरी व ट्रोमा, अस्थमा रोग, सर्जरी विशेषज्ञ की नियमित सेवाएं उपलब्ध है।

## अमर शहीद किसान केसरी करनीराम रामदेव की शहादत पर श्रद्धा से याद किया

■ अतिथियों ने प्रतिमा स्थल पर ताराचंद भोड़कीवाला द्वारा बनवाए गए टीन शैड का लोकार्पण किया

**झुंझुनूं**, (निसं)।13 मई 1952 को देश और प्रदेश में जागीरदारी एवं लगान कुप्रथा के विरुद्ध किसान, मजदूर, गरीब और जन साधारण के खुशहाल जीवन के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर सर्वोच्च शहादत का प्रारंभ करने वाले अमर शहीद किसान केसरी करनीराम रामदेव के बलिदान दिवस को जिला मुख्यालय पर स्थित उनके स्मारक स्थल पर सर्व समाज और प्रदेशभर से पधारे प्रबुद्धजनों द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शहीद प्रतिमा स्थल पर नवनिर्मित टीन शैड के भामाशाह ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाले ने बताया कि सर्वप्रथम श्रद्धांजलि सभा एवं लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईएएस, स्मारक स्थल के लिए भूखंड आवंटन में महत्ती भूमिका निभाने वाले और सुप्रसिद्ध समाजसेवी रामेश्वरसिंह मील, अध्यक्ष प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. घासीराम वर्मा के कर कमलों से टीन शैड का लोकार्पण कर शहीदों को पुष्प अर्पित किए।

बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. वीरेंद्र मील, डॉ. नरेंद्र गिल, सरदारसिंह मील, राधाकृष्ण गिल, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, उपभोक्ता मंच अध्यक्ष मनोज मील, डॉ. हनुमान प्रसाद, हरिराम महण, एडवोकेट संदीप महला, मदन गिल, धर्मवीर कटेवा, श्रवण केजड़ीवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, मनभरी देवी और कमला देवी मंचस्थ रहे। टीन शैड के निर्माता भामाशाह ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला ने समस्त अतिथियों को गुलाब का पुष्प तथा स्वागत भाषण से आतिथ्य स्वीकार किया। अपने मुख्य वक्तव्य में पूर्व आईएएस रामेश्वरसिंह ने कहा कि इन देव आत्माओं के बलिदान से ही किसान मजदूर और आमजन की खुशहाली का मार्ग प्रशस्त हुआ और यथार्थ में हमें आजादी मिली। इस अवसर पर उन्होंने स्मारक स्थल को वर्तमान स्वरूप में सुदृढ़ करने वाले सभी गणमान्यजनों की सहायता का आभार प्रकट करते हुए इनकी विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने का आव्हान किया। उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों बलिदान सबसे अधिक सार्थक उस वर्ग के लिए रहा जो उस सामंतवाद के दौर में सर्वाधिक पीड़ित थे।

उन्होंने कहा कि इनकी शहादत सबसे अनूठी और परम है। जिसको भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हम आपके साथ हैं। उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष मनोज मील ने संबोधन में कहा कि इन शहीदों ने जिस स्वप्न के लिए बलिदान दिया उसकी प्रासंगिकता आज और अधिक हो जाती है।

# गोपाल गौशाला का अवलोकन किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी सुशील रामस्वरूप गाडिया ने झुंझुनूं प्रवास के दौरान मंगलवार को श्री गोपाल गौशाला में ना केवल पूरी गौशाला का अवलोकन ही किया। अपितु अपने हाथों से गौवंश को गुड़ व हरी सब्जी खिलाकर, उन्होंने अपने परिवार की ओर से बनवाए गए गौवंश को नहलाने के लिए फव्वारे देखें। नवनिर्मित गिर गायों के गौ-आवासों का अलोकन किया तथा अन्य व्यवस्थाएं देखकर गौशाला में की जा रही गौ सेवा के लिए प्रबंध समिति की मुक्त कंठ से सराहना की।



झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी सुशील रामस्वरूप गाडिया ने झुंझुनूं प्रवास के दौरान श्री गोपाल गौशाला गौशाला का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि वे अपने झुंझुनूं प्रवास के दौरान हर बार गौशाला आते है। जहां गौ सेवा में कुछ नया ही उन्हें देखने को मिलता है। श्री गोपाल गौशाला प्रबंध समिति की ओर से सुशील रामस्वरूप गाडिया का स्वागत अभिनंदन दुपट्टा ओढाकर गौमाता का प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया। इस अवसर पर श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, अशोक केडिया एवं डॉ. डीएन तुलस्यान सहित अन्य गौ भक्त उपस्थित थे। सुशील गाडिया ने इस दौरान गौवंश के जिन छह बाडों में पक्के फर्श पर गौमाता रहती हैं। उनमें अपनी ओर से गौमाता के बैठकर आराम करने के लिए मेट लगाए जाने की स्वीकृति प्रदान की। गौशाला प्रबंध समिति की ओर से उनकी ओर से मैट लगाए जाने की स्वीकृति के लिए आभार प्रदर्शित किया गया और कहा गया निश्चय ही गौ माता के लिए उनकी ओर से यह कार्य गो सेवा में अनुकरणीय है।

# साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक में नवाचार पर संगोष्ठी आयोजित

■ 'सतर्कता और जागरुकता से साइबर अपराधों से बचा जा सकता है'

■ साइबर क्राइम बढ़ने से साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक की मांग बढ़ी

**सीकर**, (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की ओर से मंगलवार को "भविष्य का निर्माण: साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक में नवाचार और सहयोग" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ।

इस अवसर पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के प्रो. (डॉ.) विकास पारीक और जोधपुर के साइबर सिक्यूरिटी एक्सपर्ट डॉ. अर्जुन चौधरी ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक में नवाचार के विभिन्न तकनीकी पक्षों पर प्रकाश डाला। प्रो. विकास पारीक ने कहा कि साइबर क्राइम बढ़ने से वर्तमान में अब साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और मांग बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अब इन पाठ्यक्रमों की भी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में पढ़ाया जाना चाहिए।

साइबर एक्सपर्ट डॉ. अर्जुन चौधरी ने कहा कि अपने प्रजेंटेशन के माध्यम से साइबर अपराधों का शिकार होने से बचने के उपाय बताए। उन्होंने का कि टेक्नोलॉजी का उपयोग करके और सतर्कता-जागरुकता से इन अपराधों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग भी अब साइबर अपराध रोकने में हो रहा है।

डिप्टी रजिस्ट्रार (सम्बद्धता) डॉ. रविंद्र कुमार कटेवा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि शेखावाटी विश्वविद्यालय भी एआई और मशीन लर्निंग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। उसके लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। इस अवसर पर कुलसचिव श्वेता यादव और निदेशक (अकादमिक और शोध) प्रो. राजेंद्र सिंह ने आगंतुक अतिथियों का शॉल और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य उदेश्य साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक के क्षेत्र में विद्यार्थियों के ज्ञान व समझ को बढ़ाना था। साथ ही साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक के क्षेत्र में नवीन तकनीकी की जानकारी देना भी शामिल था। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक अत्यंत संवेदनशील विषय बन चुका है और हमें इसके लिए तकनीकी दक्षता के साथ-साथ नीति निर्माण में भी सतर्क रहना होगा।

इस मौके पर निदेशक आईटी पंकज मील, मीडिया प्रभारी डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. राजेंद्र चुंडावत, डॉ नमिता राना समेत कई फेकल्टी मैंबर्स और सभी विभागों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में कुलसचिव श्वेता यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## समाधान शिविर आज

**सीकर**, (निसं)। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल बिजेंद्र सिंह महला आज सुबह शिविर का होगा।

सार-समाचार

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 17 मई को

**झुंझुनूं**, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और एक माह तक जागरूकता कैम्पेन चलाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाएगा। वर्तमान में विश्व में असामयिक मृत्यु का एक कारण हृदय रोग व उच्च रक्तचाप भी है। स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप से होने वाली मृत्यु को काफी कम किया जा सकता हैं। उच्च रक्तचाप के बारे में आमजन को जारूगरूक करने के लिए सभी के लिए कार्डियोवास्कुलर हैल्थ फॉर एवरी वन थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। डिप्टी सीएमएचओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 17 मई से 16 जून तक माह तक हाइपरटेंशन जागरूकता से संबंधित जागरूकता कैम्पेन चलाया जाएगा। इसके तहत कैम्प का आयोजन कर स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैम्पेन के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 जिलों को केन्द्र सरकार तथा पांच जिलों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सर्वा ने बताया कि जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सीएचसी के एनसीडी क्लिनिक पर एक माह तक विभिन्न गतिविधियां की जाएगी। इसके तहत साइकिल रैली, मैराथन जागरूकता रैली, वॉल पेंटिंग, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कैंप, क्विज, सेमीनार, शॉर्ट फिल्म, टॉक शो, स्लोगन लेखन, नुक्कड़ नाटक, ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता स्क्रीनिंग शिविर, वेबीनार, ट्रेनिंग आदि का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के अनुसार नंबर दिए जाएंगे और इन्हीं नंबरों के आधार पर राज्य व केन्द्र स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले जिलों का चयन किया जाएगा।

## नृसिंह भगवान का महोत्सव मनाया

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतड़ीनगर में केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में स्थित नृसिंह भगवान मंदिर में देर शाम को भगवान नृसिंह का महोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। तनिष्क शर्मा की मुख्य यजमानी में पंडित विमल शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवा कर नृसिंह भगवान के प्रसाद का भोग लगाया गया। महोत्सव कार्यक्रम के दौरान नृसिंह भगवान के मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। पंडित विमल शर्मा नेकहा कि गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म माना गया है। शास्त्रों के अनुसार गाय का दान करना भी मनुष्य जीवन में अति महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की रक्षा के लिए आगे आकर कार्य करने चाहिए। मनुष्य की पवित्र आत्मा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भगवान की दृष्टि को पाया जा सकता है। मनुष्य को अपने जीवन में शुद्ध एवं सहकारी होना चाहिए, ताकि ईश्वर अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाकर रख सकें। हिंदू धर्म में देवी-दवताओं पूजन मात्र से ही दया दृष्टि को हासिल किया जा सकता है।इस मौके पर मंदिर समिति उपाध्यक्ष राजेश ढाडेल, राधाकृष्ण, रामचंद बेनीवाल, राजकुमार, रमेश कुमार, आयुष, भंवर सिंह, अभिषेक, समक्ष भारद्वाज, नंद किशोर, अमित शास्त्री, बनवारीलाल यादव, प्रेम मीणा, संजू ढाडेल, विजय लक्ष्मी, लक्ष्मी शर्मा, सुलक्षणा शर्मा, श्रुती शर्मा सहित आदि श्रद्धांलूओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## स्कूल का अवलोकन किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन स्कूल में झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई के सुशील रामस्वरूप गाडिया मंगलवार को पहुंचे। विद्यालय आगमन पर गाडिया का स्कूली छात्राओं द्वारा तिलकार्चन कर स्वागत किया गया। उन्होंने स्कूल प्रांगण में स्थापित सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा विद्यालय सचिव परमेश्वर हलवाई, स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार, स्कूल प्राचार्या अनिता महमिया, कार्यकारिणी अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता, सदस्य डॉ. डीएन तुलस्यान ने गाडिया का दुपट्टा ओढाकर स्वागत करते हुए प्रतीक चिह्न भेंट किया। गाडिया ने पूरी स्कूल बिल्डिंग, कंप्यूटर लैब, क्लासरूम, नवनिर्मित डांस क्लास रूम, स्कूल के पीछे खेल भवन एवं स्कूल में स्थापित झूलों इत्यादि का अवलोकन कर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा की स्कूल में आकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने स्कूल प्रगति के संबंध में रिजल्ट एवं विद्यार्थियों की संख्या इत्यादि के बारे में जानकारी लेकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आदर्श बाल निकेतन स्कूल से उनका तथा उनके पिता स्वर्गीय रामस्वरूप गाडिया का हमेशा से ही विशेष लगाव रहा और उन्हीं की इच्छा अनुसार उनका परिवार भी हमेशा ही स्कूल की प्रगति विकास के बारे में सोचते रहता हैं।

## कशिश ने विद्यालय का नाम रोशन किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। डूंडलोद पब्लिक स्कूल झुंझुनूं ने सैकंडरी स्कूल परीक्षा 2025कक्षा 10वीं में लगातार 13वीं बार सर्वश्रेष्ठ एवं शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने अत्यंत खुशी जाहिर करते हुए बताया कि कशिश ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं 14 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ऊपर, 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं 94.80 प्रतिशत के बीच, 24 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत एवं 89.80 प्रतिशत के बीच, 22 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत एवं 84.80 प्रतिशत के बीच, 26 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत एवं 79.80 प्रतिशत के बीच, शेष 11 विद्यार्थियों ने 60 एवं 70 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए। इस अवसर पर संस्था सचिव बनवारीलाल रणवां, एसएमसी मेम्बर सुभाष, ओवरऑल इंचार्ज लीलावती, परीक्षा प्रभारी हरिकेश, मौके पर उपस्थित सभी अभिभावकगण एवं अन्य अध्यापकों आदि ने अतुलनीय परिणाम पर खुशी जाहिर की।

## चार दिवसीय पाटोत्सव कार्यक्रम

**सीकर** (निसं)। श्री कल्याण धाम मन्दिर परिसर में 10 मई से चल रहे चार दिवसीय पाटोत्सव महोत्सव (स्थापना दिवस) के तहत मंगलवार को देवर्षि नारद जन्मोत्सव मनाया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए महन्त विष्णु प्रसाद शर्मा ने बताया कि 10 मई से चल रहे चार दिवसीय पाटोत्सव महोत्सव व मन्दिर स्थापना दिवस के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके तहत आज मंगलवार को नारद जन्मोत्सव मन्दिर परिसर में धूमधाम से मनाया गया जिसमें देश के चौथे स्तम्भ माने जाने वाले पत्रकारों का सम्मान किया गया। साथ ही कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमे सभी वक्ताओं ने आज के आधुनिक युग व पूर्व में होने वाली पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान चुनोतियो से लड़ने के उपाय बताये।

**वाहन रजिस्ट्रेशन**

सोमवीर सिंह पुत्र श्री ताराचंद जाति जाट निवासी भैंसली मेरे पति थे, जिनका दिनांक 14.03.2025 को स्वर्गवास हो चुका है। मेरे पति के नाम से वाहन ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन नं. RJ10RC2285 मॉडल 2019 पंजीकृत है। मेरे पति की मैं एकमात्र विधवा पत्नी हूँ, मेरे अलावा अन्य कोई पत्नी नहीं है। मैंने पुनः विवाह नहीं किया है। मैं मेरे स्व. पति की उत्तराधिकारी हूँ। मेरे पति के नाम से उपरोक्त वाहन का पंजीकरण अब मैं मेरे नाम करवाना चाहती हूँ, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। यदि किसी व्यक्ति को इसमें कोई दिक्कत हो तो विज्ञापन प्रकाशन के सात दिवस में परिवहन कार्यालय चूरू में लिखित में जानकारी प्रस्तुत कर दे। बाद मियाद गुजरने रजिस्ट्रेशन मेरे नाम से पंजीकृत कर दिया जाएगा।

शपथग्रहिता -
अनीता आयु 37 साल पत्नी श्री सोमवीर सिंह जाति जाट निवासी भैंसली, तहसील राजगढ, जिला चूरू (राज.)

भारत सरकार

**जनजातीय कार्य मंत्रालय**

**छात्रवृत्ति अनुभाग**

**चयन वर्ष 2024-25 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों हेतु राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस)**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार चयन वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों से राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विदेश में मास्टर स्तर, पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों में उच्च अध्ययन करने के लिए चुने गए छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्याः 20

इच्छुक उम्मीदवार एनओएस पोर्टल https://overseas.tribal.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने के लिए पोर्टल 15 मई 2025 से 30 जून 2025 (शाम 5:30 बजे तक) खुला रहेगा।

अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार मंत्रालय के पोर्टल पर जा सकते हैः https://overseas.tribal.gov.in/

CBC 43101/11/0007/2526